तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 25 दिसंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश




14 कसहीबाहरा में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई ...



**खबर संक्षेप**

### हिंदू राष्ट्र की मांग पर दिल्ली में शिवसेना का प्रदर्शन



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शिवसेना द्वारा हिंदू राष्ट्र की मांग को लेकर देश की राजधानी दिल्ली में 17 दिसंबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में पांच साल से लगातार दिल्ली में धरना प्रदर्शन किया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा गया और मांग की गई कि जल्द हिंदू राष्ट्र घोषित करें। देश के 80 प्रतिशत हिंदू समाज की मांग को पूरा करें। गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करें।

### महुआ शराब जब्त, एक आरोपी पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब की अवैध बिक्री कर रहे एक व्यक्ति पर सरायपाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बैतारी के श्री कृष्णा तेल मिल के पास में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री किए जाने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर आरोपी विजय नंद पिता मार्तंड नंद (37 वर्ष) निवासी जोगनीपाली थाना सरायपाली के कब्जे से कुल 18 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 3600 रुपए को जब्त किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## आक्रोश : सर्व समाज के आक्रोश और एकजुटता के चलते नगर के प्रतिष्ठानें रही बंद

# आमाबेड़ा घटना को लेकर उतरा सर्व समाज, नगर बंद को मिला स्व समर्थन, यात्रियों को हुई आंशिक परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- अस्तपाल, मेडिकल स्टोर, दूध समेत आपात कालीन सेवाएं रही सुचारू

उत्तर बस्तर के अंतागढ़ क्षेत्र अंतर्गत अमाबेड़ा में हुई घटना के विरोध में बुधवार को नगर पूरी तरह से बंद रहा। सर्व समाज द्वारा आहूत इस बंद का असर सुबह से ही देखने को मिला। नगर की मुख्य मार्ग से लेकर गली-कूचों तक की दुकानें पूरी तरह बंद रहीं। समाज के आक्रोश और एकजुटता के चलते व्यापारिक प्रतिष्ठान, निजी कार्यालय स्वतः स्फूर्त बंद रहे। हालांकि, संवेदनशीलता को देखते हुए अस्पताल, मेडिकल स्टोर और दूध जैसी आपातकालीन सेवाओं को बंद से मुक्त रखा गया।



नगर के प्रमुख व्यावसायिक केंद्रों जैसे गोल बाजार, स्टेशन रोड, नेहरू चौक और बरौंडा चौक में सन्नाटा पसरा रहा। चैंबर ऑफ कॉमर्स और स्थानीय व्यापारिक संगठनों ने इस बंद को अपना पूर्ण समर्थन दिया। सुबह से ही विभिन्न समाज के प्रतिनिधि समूहों में निकलकर व्यापारियों से सहयोग की अपील करते नजर आए। अधिकांश व्यापारियों ने घटना की गंभीरता को समझते हुए स्वेच्छा से अपने शटर नीचे रखे। चाय के ठेले से लेकर बड़े शोरूम तक, सब कुछ बंद रहने से कारोबार प्रभावित हुआ, लेकिन समाज का कहना है कि न्याय की मांग व्यापार से बड़ी है। यह बंद केवल एक दिन की बंद नहीं है, बल्कि समाज के भीतर पनप रहे गहरे असंतोष का प्रतिबिंब है।



दोपहर बाद सर्वसमाज के लोगों एवं प्रमुखों ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। शाम होते-होते बाजार में थोड़ी हलचल शुरू हुई, लेकिन बंद का नैतिक प्रभाव पूरे दिन बना रहा।



### यात्री परिवहन व्यवस्था चरमराई, आमजन परेशान

बंद का सबसे गंभीर असर परिवहन व्यवस्था पर देखने को मिला। इक्का-दुक्का बसों का ही संचालन हुआ। लंबी दूरी के यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग यात्री बस स्टैंड पर घंटों इंतजार करते देखे गए। एक यात्री ने बताया, हमें जरूरी काम से जाना था, लेकिन यहां आकर पता चला कि बसें बंद हैं। अब वापस घर जाने के लिए भी साधन नहीं मिल रहा है। सीमित बस संचालन ने न केवल यात्रियों की परेशानी बढ़ाई।

### परंपरा और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा हेतु समर्पितः सर्व समाज संघ

लोहिया चौक में धरना प्रदर्शन में सर्व समाज और 35 समाज के प्रमुखों ने अपनी सांस्कृतिक जड़ों को बचाने के लिए हुंकार भरी। वक्ताओं ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जिस माटी और परंपरा के लिए अंग्रेजों से युद्ध लड़ा, आज ईसाई मिशनरियों द्वारा उसे नष्ट करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। धर्मांतरण के कारण परिवारों में फूट, परंपराओं का उपहास और सामाजिक ताना-बाना टूटने पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। आरोप लगाया गया कि धर्मांतरित लोग न केवल देवी-देवताओं का अपमान कर रहे हैं, बल्कि 5वीं अनुसूची की जमीन पर अवैध कब्जे का प्रयास भी कर रहे हैं। समाज ने दो टूक कहा कि अपनी पारंपरिक व्यवस्था और पूर्वजों के मूल्यों की रक्षा के लिए अब निर्णायक संघर्ष आवश्यक है।

## जेवर साफ करने का झांसा देकर 10 लाख के जेवरात की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जेवर साफ करने का झांसा देकर दो अज्ञात लोगों ने 10 लाख रुपए के जेवरात ठग लिए। शहर के पुराना सिविल लाइन रहने रहने वाली महिला इस मामले में महिला की कंगन और अंगूठी लेकर भाग निकले। मामले में महिला के पुत्र ने सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।




पुलिस को सिविल लाइन निवासी बीज भंडार संचालक और महिला के पुत्र आकाश चंद्राकर से मिली शिकायत के अनुसार 23 दिसंबर के 11.30 बजे दो अज्ञात व्यक्ति उनके घर आए, इस दौरान उसकी मां सरिता चंद्राकर घर में अकेली थी, जिससे उन्होंने कहा कि वे बर्तन और सोना-चांदी साफ सफाई करते हैं। उन्होंने पहले पीतल की बाल्टी को साफ करके दिखाया। फिर उसकी मां ने अपने हाथ में पहने सोने के 04 कंगन एवं अंगूठी को साफ करने के लिए दिया। तब अज्ञात व्यक्तियों ने उसकी मां को गरम पानी लाने के लिए बोला, जिस पर एक बर्तन में गरम पानी में दोनों ने कुछ डाला, जिससे कि पानी का रंग पीला हो गया, उसके बाद प्रार्थी की मां के दिए गए 04 नग कंगन और 01 अंगूठी को उसमें डाल दिया और दोनों आरोपियों ने कहा कि कुछ देर में जेवर बिलकुल साफ हो जाएगा। उसी समय उक्त दोनों आरोपी हाथ धोने के बहाने घर से बाहर निकल गए और वापस नहीं लौटे, जब उसकी मां ने बर्तन में देखा तो उसमें केवल पीले रंग का पानी था, कंगन और अंगूठी उसमें नहीं थे। अज्ञात आरोपियों ने महिला से सोने के 04 नग कंगन और 01 अंगूठी की कुल वजन 86 ग्राम, कीमत लगभग 10,00,000 रुपए की ठगी कर ली। मामले में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध पुलिस ने धारा 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## कैप्सूल ट्रक से सिलेंडरों में गैस की अवैध रीफिलिंग, खाद्य अधिकारी पहुंचे तो आरोपी हुए फरार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कैप्सूल ट्रक से सिलेंडरों में अवैध रूप से गैस की रीफिलिंग किए जाने का मामला सामने आया है। सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम चिंवराकुटा के नवजीवन अस्पताल के सामने बने बकरी शेड फार्म में यह अवैध गतिविधि चल रही थी। जब खाद्य अधिकारी अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे तो आरोपी वहां से फरार हो गए। इस दौरान बड़ी मात्रा में सिलेंडर बरामद किया गया है। मामले को लेकर सिंघोड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस को खाद्य निरीक्षक सरायपाली अविनाश दुबे ने बताया कि 24 दिसंबर की रात को सिंघोड़ा क्षेत्र के नवजीवन अस्पताल चिवराकुटा एनएच 53 के सामने बने बकरी शेड फार्म हाउस में अवैध रूप से ज्वलनशील पदार्थ एलपी गैस का रात के अंधेरे में चोरी छुपे इंडेन कैप्सूल ट्रकों से नोजल पाइप के माध्यम से छोटे-बड़े सिलेंडरों में कुछ अज्ञात लोगों द्वारा रीफिलिंग किए जाने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर देखा तो कुछ लोग एलपी गैस से भरी इंडेन कैप्सूल ट्रक से नोजल पाईप के माध्यम से छोटे एवं बड़े सिलेंडरों में भरा जा रहा था। मौके पर वाहन को देखकर अज्ञात व्यक्तियों 06 कैप्सूल ट्रक, नोजल पाईप, भारी मात्रा में खाली एवं भरी गैस सिलेंडर, इलेक्ट्रिक तौल मशीन को छोडकर अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग गए। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात लोगों के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3,7 एवं 305(ई), 287, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## मां शारदा पीठ में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ...







**महासमुंद।** स्थानीय तुमगांव रोड स्थित मां शारदा पीठ परिसर में बुधवार से श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ की शुरुआत हुई। आयोजन के प्रथम दिन से पहले बुधवार को शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। वृंदावन के कथा प्रवक्ता स्वामी कृष्ण देवाचार्य महाराज विशेष रूप से यात्रा में शामिल हुए। यह धार्मिक आयोजन 1 जनवरी तक जारी रहेगा।

## 25 लाख का गांजा जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- पुलिस ने ग्राम रेहटीखोल के पास नाकाबंदी कर की कार्रवाई

जिले की पुलिस ने ग्राम रेहटीखोल के पास नाकाबंदी कर एक कार की तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया है। मामले में उत्तर प्रदेश निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि एक सिल्वर कलर की टाटा जेस्ट कार क्रमांक यूपी 92 एस 1313 में ओडिशा की ओर से अवैध मादक पदार्थ गांजा छत्तीसगढ की ओर लाया जा रहा है। इस सूचना के बाद ग्राम रेहटीखोल के पास जाकर नाकाबंदी की गई। कार के वहां पहुंचने पर उसे रोककर चालक से पूछताछ की गई। जिस पर वाहन चालक ने अपना नाम कुशल सिंह पिता अतुल प्रताप सिंह (19 साल) वार्ड नंबर 14 उरई थाना उरई जिला जालौन उप्र होना बताया। वाहन के पीछे सीट में एक प्लास्टिक बोरी के अंदर एवं डिक्की के अंदर एक प्लास्टिक बोरी के सामान के बारे में पूछताछ करने पर गोलमोल जवाब दिया, लेकिन कड़ाई से पूछने पर बोरी के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा होना बताया तथा उक्त गांजा को ओडिशा से जालौन (उप्र) ले जाना बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो प्लास्टिक बोरियों में 25-25 किलोग्राम कुल 50 किलोग्राम नमी युक्त अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 25,00,000 रुपए तथा घटना में प्रयुक्त कार कीमत 2,00,000 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### किसान की बाईक से ढाई लाख की उठाईगिरी




**महासमुंद।** बागबाहरा के वार्ड क्रमांक 5 स्थित चन्द्राकर मोटर वाइंडिंग के सामने से एक किसान की दोपहिया वाहन की डिक्की से दो लाख पैंसठ हजार की उठाईगिरी का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खैरटखुर्द निवासी किसान पीला राम साहू और उसका पुत्र पोखन साहू बैंक ऑफ बड़ौदा से पैसा निकालकर बागबाहरा के चंद्राकर मोटर वाइंडिग पहुंचें जहां उन्होने बोर पंप बनवाने दिया था। भुगतान करने जब उन्होनें डिक्की खोली तो पैसा नदारद था। किसान ने बताया कि चोरों ने डिग्गी से पैसा सहित आधार कार्ड, फोटो पासबुक भी चुरा ले गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरु की। पुलिस द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा से लेकर चंद्राकर मोटर वाइंडिंग शॉप तक के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

## खट्टी के ऐतिहासिक शाप्राशा के अस्तित्व को बचाने का प्रयास

# स्कूल का मर्जीकरण निरस्त नहीं, 5 से दंडवत आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के ग्राम खट्टी में स्थित ऐतिहासिक शासकीय प्राथमिक शाला के अस्तित्व को बचाने के लिए अब शाला प्रबंधन समिति ने



आंदोलन करने की चेतावनी दी है। शाला प्रबंधन समिति के प्रेमलाल साहू ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन सौंप प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि 4 जनवरी तक स्कूल का मर्जीकरण निरस्त नहीं किया गया, तो वे 5 जनवरी से बरोंडा चौक से कलेक्टर कार्यालय तक दंडवत आंदोलन करेंगे और कार्यालय के समक्ष अन्न-जल त्यागकर आमरण अनशन पर बैठेंगे। प्रेमलाल साहू का आरोप है कि शासन के युक्तियुक्तकरण नियमों के विपरीत जाकर इस ऐतिहासिक शाला का मर्जीकरण किया गया है। जिस स्कूल में वर्तमान में 196 बच्चों का भविष्य जुड़ा है, उसे बंद करना या दूसरे स्कूल में विलीन करना तर्कसंगत नहीं है। ग्रामीणों के कड़े विरोध और स्कूल के ऐतिहासिक महत्व के प्रमाण प्रस्तुत करने के बाद, जिला शिक्षा अधिकारी ने भी मामले की गंभीरता को स्वीकार किया था।

डीईओ ने कार्यालय द्वारा इस शाला का मर्जीकरण निरस्त करने का औपचारिक प्रस्ताव लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर को भेजा जा चुका है। इसके बावजूद, महीनों बीत जाने के बाद भी शासन स्तर पर फाइल अटकी हुई है और अब तक कोई ठोस आदेश जारी नहीं हुआ है।

### अनुदान रुकने से संचालन में संकट

यह समस्या स्कूल के दैनिक संचालन तक पहुंच गई है। बताया गया है कि जून से शाला को मिलने वाला शासकीय अनुदान पूरी तरह बंद कर दिया गया है। अनुदान के अभाव में 196 बच्चों की पढ़ाई, स्कूल के रखरखाव और अन्य गतिविधियों के संचालन में भारी बाधा आ रही है। शाला प्रबंधन समिति का कहना है कि एक तरफ सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर एक चलते हुए ऐतिहासिक स्कूल का गला दबाया जा रहा है।

### आंदोलन की रूपरेखा

प्रेमलाल साहू ने स्पष्ट किया है कि उनकी मांगें पूरी करने के लिए प्रशासन के पास 4 जनवरी तक का समय है। मांगें न माने जाने की स्थिति में बरोंडा चौक से लेकर कलेक्टर कार्यालय तक लेट-लेटकर दंडवत यात्रा निकाली जाएगी। कलेक्टर कार्यालय के समक्ष बैठकर बेमियादी भूख हड़ताल शुरू की जाएगी। यह स्कूल केवल एक भवन नहीं, हमारे गांव की विरासत है। 196 बच्चों के भविष्य और इस ऐतिहासिक धरोहर को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हूं।

# एसआईआर में गंभीर चूकः पूरे वार्ड के मतदाताओं का गांव बदला, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान की गई भारी लापरवाही सामने आई है। मामला झलप आश्रित ग्राम टुरीडीह का है, जहां वार्ड क्रमांक 20 वृंदावन कॉलोनी के सैकड़ों मतदाताओं के गांव का नाम ही बदल दिया गया।

इन मतदाताओं का मतदान व्यवहार स्पष्ट है। लोकसभा व विधानसभा चुनाव में ग्राम छिलपावन के केंद्र क्रमांक 71 में मतदान करते हैं, जबकि पंचायत निर्वाचन में वोट झलप में डाला जाता है। लेकिन, 23 दिसंबर को जारी नई मतदाता सूची में उपरोक्त वार्ड के मतदाताओं का पता बस्तीपारा-3, ग्राम छिलपावन दर्ज कर दिया गया, जबकि पहले उनका पता ग्राम टुरीडीह था। इससे मतदाता हैरान और चिंतित हैं। जिन मतदाताओं ने एसआईआर के दौरान ऑनलाइन फॉर्म भरकर अपनी जानकारी सही-सही दर्ज की थी, वे अचानक गांव का नाम बदल जाने से अचंभित हैं। कई मतदाताओं का कहना है कि यह गलती उनकी नहीं, बल्कि ऑनलाइन एसआईआर फॉर्म भरने वाले बीएलओ स्तर पर हुई त्रुटि का परिणाम है।

### नामों में भी भारी त्रुटियां

केवल पते ही नहीं, जारी सूची में नामों के अक्षर, मात्रा और वर्तनी में भी कई गलतियां पाई गई हैं, जिससे पहचान और मतदान को लेकर भ्रम की स्थिति बन रही है। इस संदर्भ में जब तहसीलदार जुगल किशोर पटेल से बात किया गया तो उनका कहना है कि सुधार के लिए फॉर्म-8 भरकर आवेदन करना होगा। सवाल है कि जब उन्होंने जानकारी सही दी थी तो गलती सुधारने का बोझ उन पर क्यों? बार-बार आवेदन की प्रक्रिया से आम लोगों को नाहक परेशान होना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि प्रशासन बीएलओ स्तर पर हुई त्रुटियों की जांच करे, सामूहिक रूप से सुधार की व्यवस्था करे और मतदाताओं को अलग-अलग आवेदन करने से राहत दे, ताकि आने वाले चुनावों में किसी भी मतदाता का अधिकार प्रभावित न हो।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात, किया स्वागत



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के छत्तीसगढ़ दौरे पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, समाजसेवी एवं भाजपा की वरिष्ठ सदस्य शारदा सिंह सहित प्रदेश के पदाधिकारियों ने श्री नड्डा से शिष्टाचार भेंट एवं मुलाकात की।

### सोनकर समाज का परिचय सम्मेलन, वरिष्ठजनों का किया सम्मान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सोनकर समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। साथ ही आदर्श विवाह और समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में देशभर के 4 हजार समाजजन शामिल हुए। इस दौरान लगभग 150 वरिष्ठजनों का सम्मान समाज की ओर से गमछा और प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम बालोद जिले के नेवारीकला में मंगलवार को हुआ। समाजजनों ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान समाज की संचालित सभी संस्थाओं के आय-व्यय का प्रस्तुतिकरण एवं अनुमोदन किया गया। कार्यक्रम में चेतन सोनकर, डॉ. भीषम सोनकर, मुकेश सोनकर, शारदा प्रसाद सोनकर समेत बड़ी संख्या में समाजजन शामिल रहे।

### अनुवादक भर्ती परीक्षा के मॉडल उत्तर जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा उच्च न्यायालय के अंतर्गत अनुवादक पदों के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। 14 दिसंबर को यह परीक्षा आयोजित की गई थी। अभ्यर्थी वेबसाइट में प्रदर्शित उत्तरों पर सप्रमाण दावा-आपत्ति 29 दिसंबर तक कर सकते हैं। पोर्टल पर दावा-आपत्ति हेतु अभ्यर्थी को अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं पासवर्ड डालकर प्रोफाइल में लॉगिन करना होगा और निर्देशानुसार दावा-आपत्ति दर्ज करानी होगी।

### पीडब्लूडी के एक ईई और दो एसडीओ का निलंबन

**रायपुर।** जीरो टॉलरेंस की नीति पर अमल करते हुए राज्य शासन ने भ्रष्टाचार में संलिप्तता और गिरफ्तारी पर लोक निर्माण विभाग के एक ईई और दो एसडीओ को निलंबित कर दिया है। विभाग ने बीजापुर के नेलसनार-कोडोली-मिरतुल-गंगालुर मार्ग के निर्माण कार्य में हुए भ्रष्टाचार के संबंध में गंगालूर थाने में अपराध पंजीबद्ध होने के बाद विवेचना के दौरान प्रकरण में संलिप्तता पर लोक निर्माण विभाग के संभाग सुकमा के कार्यपालन अभियंता हरनारायण पात्र, उपसंभाग क्रमांक-1 बीजापुर के अनुविभागीय अधिकारी प्रमोद सिंह तंवर और सेतु उपसंभाग जगदलपुर के अनुविभागीय अधिकारी संतोष दास को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

# नए टैरिफ के लिए साल के अंतिम दिन लगेगी याचिका, पॉवर कंपनी लेखा-जोखा बनाने में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नए सत्र 2026-27 के लिए बिजली का नया टैरिफ तय करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य बिजली नियामक आयोग में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर को याचिका दायर करेगी। इस याचिका में कंपनी बताएगी कि नए सत्र में उसे बिजली बेचने से कितना राजस्व मिलेगा और कितना खर्च होगा। इसी के साथ पुराना राजस्व कम होगा, तो उसकी भी पूरी जानकारी देकर कंपनी बताएगी कि कंपनी को कुल कितने राजस्व की जरूरत है। इसके बाद आयोग समीक्षा करके तय करेगा कि वास्तव में कंपनी को कितने राजस्व की जरूरत है, उसके हिसाब से ही नया टैरिफ तय होगा।

## पॉवर कंपनी ने मांगा है आयोग से 31 दिसंबर तक का समय

### पांच हजार करोड़ के घाटे को माना था पांच सौ करोड़

चल रहे वित्तीय वर्ष की बात करें तो पॉवर कंपनी ने नियामक आयोग में जो याचिका लगाई थी, उसमें करीब पांच हजार का घाटा बताया था, लेकिन आयोग ने इसको पांच सौ करोड़ माना था। कंपनी द्वारा मांग की गई वार्षिक राजस्व आवश्यकता 28397.64 करोड़ रुपए के स्थान पर 25636.38 करोड़ रुपए मान्य किया गया था। वितरण कंपनी द्वारा इस वित्तीय वर्ष हेतु अनुमानित विद्युत विक्रय 35727 मिलियन यूनिट के स्थान पर 36540 मिलियन यूनिट मान्य की गई थी। इसी तरह वितरण कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विद्युत की अनुमानित बिक्री पर प्रचलित टैरिफ से अनुमानित 4947.41 करोड़ रुपए राजस्व घाटे के स्थान पर 523.43 करोड़ रुपए मान्य किया था। पॉवर कंपनी के घाटे को पूरा माना जाता तो दरें 20 फीसदी तक बढ़ानी पड़ती लेकिन आयोग के घाटा पांच सौ करोड़ माना था इसलिए दरें दो फीसदी से भी कम बढ़ाई गई थी।



### हो रहा है लेखा-जोखा तैयार

पॉवर कंपनी अपनी तरफ से यह नहीं बताती है कि टैरिफ में कितने फीसदी का इजाफा करना है। पॉवर कंपनी अपने लेखा-जोखा में बताती है कि उसे कितने यूनिट बिजली बिकने का अनुमान है और इससे कितना राजस्व मिलेगा। इसी के साथ पॉवर कंपनी अपना खर्च बताते हुए यह बताती है कि उसे कितने का फायदा होगा। अगर कंपनी का पुराना घाटा रहता है तो उसे बताया जाता है। आमतौर पर कंपनी का पुराना घाटा ही फायदे से ज्यादा रहता है। ऐसे में पुराने घाटे के कारण ही ज्यादा राजस्व की जरूरत होने के बिजली ही कीमत में इजाफा होता है। वैसे कभी भी आयोग पॉवर कंपनी के बताए लेखा-जोखा को पूरी तरह से मान्य नहीं करता है। कंपनी के बताए लेखा-जोखा की पूरी समीक्षा करने के बाद आयोग तय करता है कि वास्तव में क्या स्थिति बन रही है।

नियमों के मुताबिक पॉवर कंपनी को दिसंबर में नए सत्र के टैरिफ के लिए याचिका लगानी रहती है। इस बार अब तक याचिका नहीं लग सकी है। बिजली नियामक आयोग के अधिकारियों के मुताबिक पॉवर कंपनी ने 31 दिसंबर तक का समय मांगा है। इस दिन तक याचिका दायर हो जाएगी।

## भाजपा अध्यक्ष नड्डा सबूत दें या अपने बयान के लिए माफी मांगें

# कांग्रेस ने कहा- नड्डा ने स्तरहीन बयान देकर झीरम के शहीदों का किया अपमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा द्वारा झीरम हमले के संबध में दिये गये बयान पर झीरम हमले के प्रभावितों ने राजीव भवन में नड्डा पर हमला बोला। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने कहा, झीरम में नड्डा का बयान आपत्तिजनक है तथा नड्डा के बयान के लिये उनका नार्को टेस्ट किया जाना चाहिये। मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह, मुकेश गुप्ता का भी नार्को टेस्ट होना चाहिये, ताकि हकीकत सामन आये। नड्डा ने शहीदों का अपमान किया है।

उन्होंने कहा, जेपी नड्डा ने राजनीतिक बयानबाजी के लिए सारी मर्यादा को तार-तार किया है। कांग्रेस ने झीरम हमले में अपने नेताओं की पूरी एक पीढ़ी को खोया है और उस समय राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी। भाजपा केंद्र में पिछले बारह साल से सरकार में है। एनआईए ने तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह से पूछताछ क्यों नहीं की? रमन सिंह का नार्को टेस्ट करवा लिया जाए झीरम का पूरा सच सामने आ जायेगा। क्यों एनआईए आज तक झीरम हमले के दोषियों तक नहीं पहुंच पायी? जेपी नड्डा इस प्रकार का बयान दे रहे हैं, उनके पास तथ्यात्मक आधार क्या है, एनआईए को उनसे पूछताछ करनी चाहिए। जीरम प्रभावित शिव सिंह ठाकुर ने कहा, भाजपा की तत्कालीन सरकार ने जानबूझकर कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा को सुरक्षा नहीं दी थी। भाजपा के इशारे पर ही सुरक्षा हटाई गयी थी तथा कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर हमला हुआ था।




### भाजपा का पलटवार, झीरम हमले के बाद कांग्रेस के लोग अपनों पर संदेह कर रहे- डॉ. मिश्रा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने झीरम घाटी हमले में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के कथन को सत्य बताते हुए कहा, भाजपा पूरी तरह अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के कथन के पक्ष में खड़ी है। उन्होंने संवाददताओं से चर्चा करते हुए कहा, झीरम हमले के बाद कांग्रेस के लोग अपने ही नेताओं पर संदेह कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस और नक्सलियों के दोस्ताना रिश्तों को लेकर भाजपा का एकदम साफ रुख रहा है।

### नड्डा के पास साक्ष्य है तो पुलिस को दें- अनिता

पूर्व विधायक अनिता शर्मा ने कहा, हमारे जख्मों पर नमक छिड़क कर उनकी सरकार ने जीरम की जांच को रोक रखा है। नड्डा स्तरहीन बयान दे रहे, वे केन्द्रीय मंत्री हैं, उन्होंने संविधान की शपथ ली है, उनके पास साक्ष्य है, तो उसे जिम्मेदार एजेंसी पुलिस को साक्ष्य देना चाहिये। वे स्तरहीन बयान दे रहे, हमने अपना सर्वस्व खोया है, वे हमारे ऊपर ही आरोप लगा रहे हैं। उनके बयानों के आधार पर उनसे पूछताछ की जाये। जो भी आरोपी हों उनकी गिरफ्तारी की जानी चाहिये।

### सच रोकने भाजपा ने किया ऐसा षड्यंत्र- सुशील

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा ने झीरम का सच रोकने कदम-कदम पर षड़यंत्र किया। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद झीरम हमले की जांच के लिये एसआईटी का गठन किया था, लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार ने एनआईए से झीरम की फाइल एसआईटी को नहीं देने दी। एनआईए को हाईकोर्ट ने भी राज्य की एसआईटी को फाइल देने का आदेश दिया, तब एनआईए सुप्रीम कोर्ट अपील में चली गई, पांच साल की अदालती लड़ाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दिसंबर 2023 को एनआईए की अपील खारिज करते हुये कहा, छत्तीसगढ़ सरकार की एसआईटी झीरम मामले की जांच कर सकती है, एनआईए फाइल वापस करे। सुप्रीम कोर्ट के फैसला आने तक राज्य में सरकार बदल गयी थी। कांग्रेस मांग करती है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा गठित एसआईटी के द्वारा मामले के षड़यंत्रों की जांच शुरू करें।

# युवक की अधजली लाश मिलने से मचा हड़कंप

## मृतक की अब तक शिनाख्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में लगातार चाकूबाजी के साथ हत्या की घटनाएं सामने आ रही हैं। विधानसभा थाना क्षेत्र के छतौना गांव में मंगलवार को एक युवक की अधजली लाश मिलने से हड़कंप मच गया। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 10 दिन के भीतर हत्या की यह आठवीं वारदात है। माना थाना क्षेत्र के नकटी गांव में ब्लू वाटर मे मिली लाश की पुलिस अब तक शिनाख्त नहीं कर पाई है। इसी तरह विधानसभा थाना क्षेत्र में मिली लाश की अब तक पहचान नहीं हो पाई है।

पुलिस के अनुसार छतौना गांव के एक खेत में युवक की अधजली लाश मिली है। मृतक के चेहरे, सिर तथा कमर पर चोट के निशान मिले हैं। मृतक की उम्र 25 वर्ष के करीब होने का अंदाजा लगाया जा रहा है। पुलिस को राह चलते लोगों से खेत में लाश मिलने की सूचना मिली। मौके पर पुलिस तथा फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम जांच करने के लिए पहुंची थी। मृतक की शिनाख्त के लिए पुलिस आसपास के थानों से गुमशुदगी रिपोर्ट की जानकारी एकत्र कर रही है।

### हत्या के बाद लाश ठिकाने लगाने की आशंका

घटनास्थल की जांच करने के बाद पुलिस ने किसी दूसरी जगह युवक की हत्या कर लाश ठिकाने लगाने की आशंका व्यक्त की है। पुलिस के अनुसार लाश ठिकाने लगाने के बाद हत्यारों ने साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को जलाने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। पुलिस को घटना में एक से ज्यादा आरोपियों के शामिल होने की आशंका है।

### ब्लू वाटर में मिली लाश महिला या पुरुष, अब तक स्पष्ट नहीं

माना थाना क्षेत्र के नकटी गांव स्थित ब्लू वाटर में बगैर सिर तथा अंग-भंग मिली लाश की गुत्थी पुलिस अब तक सुलझा नहीं पाई है। इसके साथ ही मृतक महिला है या पुरुष, पुलिस इस संबंध में अब तक जानकारी नहीं जुटा पाई है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारण के साथ मृतक महिला है या पुरुष, बता पाने की बात कह रही है। मौके पर पहुंची डाग स्क्वायड की टीम को कोई सफलता नहीं मिली। साथ ही मृतक के गायब सिर तथा अन्य अंगों की पुलिस अब तक तलाश नहीं कर पाई है।

# सरकारी अस्पतालों में ही 'आयुष्मान भवः' प्राइवेट में इलाज आसान नहीं, 47 शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मरीजों को निशुल्क उपचार की सुविधा देने वाली आयुष्मान योजना की सुविधा सरकारी अस्पतालों में सिमटी हुई है। इसके उपचार के लिए पंजीकृत निजी हास्पिटल या तो इलाज से इनकार कर रहे हैं अथवा बहाना बनाकर मरीजों से अतिरिक्त वसूली कर रहे हैं। सालभर में ऐसी 47 शिकायतें स्वास्थ्य विभाग तक पहुंचीं। इनमें आधी से ज्यादा जांच अथवा झूठी शिकायत के नाम पर दबा दी गई है।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य एवं शहीद वीरानारायण सिंह स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत बीपीएल को 5 लाख, एपीएल को 50 हजार तथा 70 साल से अधिक आयु वालों को व्यक्तिगत रूप से 5 लाख रुपए तक के निशुल्क उपचार की सुविधा दी जाती है। योजना का लाभ सभी शासकीय अस्पतालों में दिए जाने का दावा है, जो सच्चाई से विपरीत है। शासकीय अस्पतालों में इसके माध्यम से मरीजों को इलाज की सुविधा दी जाती है, मगर वहां पूरे संसाधनों की कमी है। इसकी वजह से मरीजों को इलाज से संबंधित पूरा लाभ नहीं मिल पाता। इसके विपरीत योजना में पंजीकृत अस्पताल आधुनिक संसाधनों से भरपूर हैं, मगर वहां आयुष्मान का जोर नहीं है। ज्यादातर हास्पिटल कार्ड नहीं चलने का बहाना बनाकर मरीजों के इलाज के नाम पर परिजनों से जमकर वसूली कर रहे हैं। इन अस्पतालों में इलाज के नाम पर विभिन्न बहानों से अतिरिक्त राशि लेने की शिकायत तो आए दिन आती रहती है, मगर ज्यादातर को अनसुना कर दिया जाता है। आंकड़ों की मानें, तो राज्य में दिसंबर 2024 से लेकर अब तक प्रदेश में 31 अस्पतालों के खिलाफ इलाज में लापरवाही अथवा अतिरिक्त रकम वसूली की शिकायत हुई। इनमें से 22 शिकायत जांच के नाम पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्तर पर डंप कर दी गई। 11 शिकायतों को जांच के दौरान झूठा करार दिया गया। इस दौरान दो अस्पतालों का पंजीयन योजना से निरस्त किया गया और 2 हास्पिटलों को 3-3 माह के लिए योजना से निलंबित किया गया। 4 प्रकरण में फरियादी को अतिरिक्त राशि वापस कराई गई। 3 शिकायतों पर चेतावनी जारी हुई और 2 प्रकरणों में समझौता के बाद शिकायत वापस ली गयी।



कम डाक्टर वाले छोटे प्राइवेट अस्पतालों से लाखों का क्लेम, इनपुट के आधार पर जांच टीम सक्रिय

इस तरह की शिकायत ज्यादा

गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई

### कम पैकेज का बढ़ा बहाना

निजी हास्पिटल वैसे तो स्वास्थ्य सहायता योजना में बीमारियों के इलाज के लिए निर्धारित पैकेज वर्तमान स्थिति के मुताबिक सात साल पुराना होने का तर्क देते हैं। अस्पताल से जुड़े लोगों का कहना है कि पैकेज पुराना होने की वजह से कई अस्पताल इसमें गड़बड़ी करते हैं। इसकी रोकथाम के लिए पैकेज में संशोधन की आवश्यकता है। हालांकि इसका दूसरा पहलू यह भी है कि योजना में डेढ़ हजार से ज्यादा छोटे-बड़े हास्पिटल पंजीकृत हैं। इतना ही नहीं, स्वास्थ्य योजना के तहत मरीजों का इलाज करने के लिए विभाग के पास सौ से ज्यादा हास्पिटलों का आवेदन भी लंबित है।

# बांग्लादेशी प्रधानमंत्री का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ शिवसेना के कार्यकर्ताओं द्वारा कालीबाड़ी चौक पर मंगलवार को बांग्लादेश के प्रधानमंत्री मो. युनूस का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर शिवसेना के प्रदेश महासचिव संजय नाग ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसात्मक हमलों व नरसंहार की कड़ी निंदा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है। आगे उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के कट्टरपंथियों ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दी हैं। बांग्लादेश के घुसपैठिए नाकाबिले बर्दाश्त हैं। अगस्त 2024 में शेख हसीना का शासनकाल समाप्त होने के बाद से हिंदुओं पर अत्याचार एवं हिंसक हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इसी कड़ी में हाल ही में बांग्लादेश में कट्टरपंथियों द्वारा हिंदू युवक दीपू दास को बेरहमी से मारकर पेड़ पर लटकाकर निर्वस्त्र कर जलाने की घटना सामने आई है। पुतला दहन करने वालों में संजय नाग, संतोष शुक्ला, कृष्णा यादव, सूरज साहू, हिमांशु शर्मा, कमलाकर यादव,



सुरेश तिवारी, विजय नाग, सांई प्रजापति, संजू साहू, अमर नायक, विक्की निर्मलकर, आकिब खान, जिगर प्रजापति, सूरज गुप्ता, महेन्द्र यादव, राहुल राजपूत, संतन रात्रे, जतिन, रोहित, आशु सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ बंद आज, शिवसेना ने दिया समर्थन

छत्तीसगढ़ शिवसेना के पदाधिकारियों एक कार्यकर्ताओं की आपातकालीन बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में कांकेर जिले में आमाबेड़ा ईसाई मिशनरियों द्वारा स्थानीय जनजातीय समाज पर किए गए योजनाबद्ध हमले और स्थानीय प्रशासन के भेदभावपूर्ण रवैए पर गहरा रोष व्यक्त किया गया और सर्व समाज द्वारा 24 दिसंबर को छत्तीसगढ़ बंद के समर्थन में शिवसेना ने अपनी पूरी शक्ति झोंकने का निर्णय लिया है।

# शिक्षा विभाग में डीपीसी पर विवाद शिक्षक संघ ने की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षा संवर्ग के व्याख्याता पद पर पदोन्नति के लिए विभागीय प्रमोशन समिति (डीपीसी) की बैठक अपर संचालक आशुतोष चावरे की अध्यक्षता में आनन फानन में कर ली गई। समिति के पांच सदस्यों में तीन उपस्थित रहे, दो सदस्य शामिल नहीं हुए जिनको देर रात घर जाकर दबाव डालकर हस्ताक्षर करवाया गया। छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी मामले के जांच की मांग की है।

सोमवार को स्कूल शिक्षा विभाग ने केवल एलबी संवर्ग शिक्षक से व्याख्याता पदोन्नति हेतु डीपीसी किया। बताया कि इससे ई संवर्ग के शिक्षकों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी ने बताया कि शाम पांच बजे तक अधिकारियों ने डीपीसी अधूरी बताई वही अनुपस्थित सदस्यों से देर रात हस्ताक्षर कराए जाने के बाद पूरी बताया जाने लगा। श्री तिवारी ने बताया कि डीपीसी के दौरान शिक्षा विभाग के प्रभारी सहायक संचालक भी अनुपस्थित रहे। उनके स्थान पर ट्राइबल के सहायक संचालक से संचालन कराया गया। छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल देवी प्रसाद ध्रुव, रोहित साहू, प्रकाश साहू, शत्रुघ्न प्रसाद यादव, नंदकुमार सिन्हा ने मंगलवार को विधि एवं स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, मुख्य सचिव विकास शील, शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेसी को ज्ञापन सौंप कर इस अवैधानिक डीपीसी को निरस्त करने की मांग की। उन्होंने ई संवर्ग एवं एलबी संवर्ग के शिक्षक को एक साथ शामिल कर नए सिरे से डीपीसी कराने की मांग की है।

### अफसरों की गुटीय लड़ाई का परिणाम

श्री तिवारी ने बताया कि यह देश की पहली डीपीसी होगी जिसमें पदोन्नति के दो घटकों में केवल एक घटक की डीपीसी की जा रही है। वहीं डीपीसी के सदस्यों से घर घर जा कर हस्ताक्षर कराए जा रहे है। डीपीसी के लिए वह वक्त चुना गया है जब सचिव स्कूल शिक्षा स्वयं दीर्घ अवकाश पर हैं और भारतीदासन लिंक अधिकारी हैं। यह पूरा खेल शिक्षा विभाग के विभागीय अधिकारियों द्वारा रायपुर, बलौदाबाजार जिले विभागीय परीक्षा से चयनित प्रधान पाठकों के भविष्य को चौपट करने और अधिकारियों के गुटीय लड़ाई का परिणाम मात्र है। उन्होंने शिक्षा संवर्ग (ई) के शिक्षकों से सड़क की लड़ाई के लिए तैयार कहा है।

# महापौर ने बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम मुख्यालय भवन में महापौर मीनल चौबे ने मंगलवार को सभी जोन के अध्यक्षों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने शहर में सफाई सहित अन्य बुनियादी सुविधा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जोन अध्यक्षों को जोन स्तर पर सफाई, पेयजल आपूर्ति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी जोन अध्यक्षों ने अपने-अपने जोन क्षेत्र में रामकी कंपनी द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाली गाड़ियां की संख्या कम होने की जानकारी महापौर को दी। जोन अध्यक्षों ने जोन स्तर पर कचरा संग्रहण गाड़ियों की सख्या बढ़ाये जाने की मांग रखी। इस पर महापौर ने कंपनी प्रबंधन को गाड़ियों की समस्या सुनिश्चित करने एवं सही कचरा संग्रहण कार्य करवाना सुनिश्चित करने कहा। बैठक में प्रत्येक जोन अंतर्गत वार्डों में सफाई, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, जलापूर्ति की नियमितता तथा सामने आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



# ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी, दावा आपत्तियां 22 जनवरी तक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत जिले में ड्राफ्ट मतदाता की सूची जारी कर दी गई हैं। इस संबंध में उप निर्वाचन अधिकारी नवीन ठाकुर की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सोसाइटी भवन में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने बताया कि एसआईआर के अंतर्गत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन मंगलवार को कर दिया है। इसके बाद अब 22 जनवरी तक दावा एवं आपत्तियां मंगाई गई हैं।

**दावा-आपत्तियों का निराकरण के लिए सुनवाई-सत्यापन 14 फरवरी तक** : उप निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दावा-आपत्तियों के निराकरण के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। इसके लिए सुनवाई एवं सत्यापन की प्रक्रिया 23 दिसंबर से 14 फरवरी 2026 तक की जाएगी। समस्त प्रक्रियाओं के पूर्ण होने के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा। इस बैठक में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को ड्राफ्ट मतदाता सूची की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉफी दी गई।

### नाम जुड़वाने-हटाने व संशोधन के लिए दावा-आपत्ति

निर्वाचन आयोग ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम हटाने तथा संशोधन कराने के लिए दावा-आपत्ति कर सकते हैं। इसके लिए मतदाता सूची से संबंधित जानकारी के लिए मतदाता अपने संबंधित मतदान केंद्र, तहसील कार्यालय या निर्वाचन कार्यालय से संपर्क कर सकता है। बैठक में ईआरओ मनीष मिश्रा, ज्वाइंट कलेक्टर के.एम अग्रवाल, एसडीएम नंदकुमार चौबे, एसडीएम अभिलाषा पैंकरा, एसडीएम आशुतोष देवांगन सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पैरा जूडो चैंपियनशिप में जीते पदक

**धमतरी।** राजस्थान में आयोजित 14वीं राष्ट्रीय पैरा जूडो चैंपियनशिप 2025 में जिले के दिव्यांग आवासीय विद्यालय एक्जेक्ट फाउंडेशन रूद्री के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश व संस्था का नाम गौरवान्वित किया है। सेवती ने 52 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक प्राप्त किया। महेश्वर ने 50 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि पैरा जूडो स्पर्धा में हासिल की। कोच देवश्री जोशी थे।

### सहकारी क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़

**अंवरी।** रायपुर में आयोजित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नवनिर्वाचित अध्यक्ष निरंजन सिन्हा के शपथ ग्रहण एवं पदभार ग्रहण समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष निरंजन सिन्हा एवं उपाध्यक्ष बॉबी कश्यप का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सहकारी क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और निरंजन सिन्हा के नेतृत्व में बैंक और अधिक सशक्त होकर किसानों, आमजनों एवं स्व-सहायता समूहों को लाभ पहुंचाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके अनुभव व कुशल नेतृत्व से सहकारी आंदोलन को नई दिशा मिलेगी।

### अजेश बने वाहन चालक संघ के अध्यक्ष

**धमतरी।** शासकीय एवं अर्धशासकीय वाहन चालक संघ को मजबूती देने के लिए मंगलवार को जिलाध्यक्ष का चयन किया गया। इसके लिए संघ के सदस्यों की एक बैठक हुई, जिसमें अजेश नागवंशी को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष चुना गया। शासकीय, अर्धशासकीय वाहन चालक संघ के प्रांताध्यक्ष ताराचंद साहू की उपस्थिति में कलेक्टोरेट के कंपोजिट बिल्डिंग गार्डन में मंगलवार को जिलाध्यक्ष का चुनाव किया गया। सर्वसम्मति से अजेश नागवंशी को अध्यक्ष चुना गया। बैठक में वाहिद खान, गोपाल यदु, राजेश कुर्रे, गौकरण साहू, कमलेश शोरी, भूपेंद साहू, भूपेश विश्वकर्मा, भूपेश साहू, जनक सिन्हा, प्रमेन्द्र सिन्हा, श्यामलाल साहू, मोहन, राजेंद्र मरकाम, कमलेश साहू, मनोज सिन्हा उपस्थित थे।

### नपं अध्यक्ष ने किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**अंवरी।** नगर में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने एक से पांच वर्ष तक के बच्चों को दो बूंद पोलियो की पिलाकर अभियान की शुरुआत की। अध्यक्ष ज्योति जैन ने कहा कि पोलियो उन्मूलन देश की बड़ी उपलब्धि है और इसे बनाए रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक की भागीदारी आवश्यक है। बच्चों को समय पर पोलियो की खुराक देना उनके स्वस्थ व सुरक्षित भविष्य की गारंटी है। कार्यक्रम में आरएमए डॉ. गौरव बंगानी, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षदगण दुमेन्द्र गंगबेल सहित अस्पताल स्टाफ एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। माता-पिता बच्चों को लेकर पहुंचे। सबको चॉकलेट दी गई।

### भाजपाइयों ने अटल चौक परिसर की सफाई की

**नगरी।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाए जाने से पूर्व नगर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू एवं भाजपा मंडल उपाध्यक्ष गुरु प्रसाद साहू, धैर्य साहू एवं बाबा सार्वा द्वारा अटल चौक एवं उसके आसपास व्यापक साफ-सफाई की गई। नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अटल चौक परिसर की स्वच्छता कर अटल जी के प्रति श्रद्धा व्यक्त की तथा आमजन को स्वच्छता एवं सार्वजनिक स्थलों की देखभाल का संदेश दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन एवं स्वच्छ राजनीतिक मूल्यों का प्रतीक रहा है, जिनसे प्रेरणा लेकर सुशासन दिवस मनाया जाता है।

---

**सुशासन सप्ताह : मालीडीह में प्रशासन गांव की ओर अभियान का हुआ आयोजन**

# समाधान करना हमारा दायित्व : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सुशासन सप्ताह 2025 के अंतर्गत जिले में प्रशासन गांव की ओर अभियान का आयोजन 19 दिसंबर 2025 से 26 दिसंबर 2025 तक किया जा रहा है। इसी क्रम में 23 दिसंबर को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम मलीडीह में आयोजित शिविर में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक सिन्हा ने सभी विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान शासन की उस सोच को दर्शाता है, जिसमें सरकार स्वयं चलकर जनता के द्वार तक पहुंच रही है। शिविर में मांग आधारित 142 आवेदन एवं शिकायत के 2 आवेदन कुल 144 आवेदन प्राप्त हुए इनमें 75 मांग आधारित एवं 2 शिकायत के कुल 77 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। इसी तरह 23 दिसंबर को बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल बकमा में, बसना विकासखंड अंतर्गत हाईस्कूल रोहिना एवं पिथौरा विकासखंड अंतर्गत हाई स्कूल परिसर अरण्ड में तथा सरायपाली विकासखंड अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक शाल केंदुवा में भी शिविर का आयोजन हुआ। आगामी शिविर 26 दिसंबर को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन बनपचरी में आयोजित होगा। इसी तरह बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खैरटखुर्द में तथा सरायपाली विकासखंड अंतर्गत हाई स्कूल टेमरी में शिविर का आयोजन किया जाएगा।





सरकार आपके साथ है और आपकी हर समस्या का समाधान किया जाएगा



### कर्राभौना में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**भंवरपुर।** विगत दिनों ग्राम कर्राभौना में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आईपीएल की तर्ज पर 16 फ्रेंचाइजी ने हिस्सा लेकर खिलाड़ियों 07 दिसंबर 25 को (ऑक्सन दिवस) के दिन 16 फ्रेंचाइजी ने बोली लगाकर खिलाड़ियों अपने टीम में शामिल किया। इस प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र में सबसे बड़े इनामी राशि का आयोजन किया। सभी फ्रेंचाइजी ने अपने टीम का चयन स्व स्फूर्ति से टीम बनाया। 16 फ्रेंचाइजियों ने इस मुकाबले में हिस्सा लेकर बड़ा ही रोमांचक ढंग से प्रतियोगिता में हिस्सा लिया 5 दिनों तक चलने वाला यह महामुकाबला क्रिकेट का महाकुंभ जैसा लगा। ग्राम के सभी लोगों के सहयोग से विशाल पंडाल एवं पांच दिनों तक लगातार सभी खिलाड़ी दर्शकों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। जहां गांव के लोगों ने तन मन धन से सहयोग प्रदान किया खास करके युवा वर्ग ने बढ़ चढ़कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की।

# खाद्य टीम ने की क्रिसमस और नववर्ष को लेकर महासमुंद में ढाबों की सघन जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच लगातार जारी है। इसी क्रम में अभिहित अधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन उमेश कुमार के मार्गदर्शन में क्रिसमस त्योहार एवं नववर्ष 2026 को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी शंखनाद भोई द्वारा जिले के विभिन्न ढाबों की जांच की गई।



जांच के दौरान मेसर्स शान-ए-पंजाब ढाबा ग्राम कांपा, मेसर्स महाराजा ढाबा एनएच-53 बिरकोनी तथा मेसर्स द केसरिया ढाबा ग्राम घोड़ारी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में मेसर्स शान-ए-पंजाब ढाबा एवं मेसर्स महाराजा ढाबा में स्टोरेज एवं किचन क्षेत्र में पर्याप्त स्वच्छता उपाय नहीं पाए गए। इसके साथ ही आवश्यक अभिलेखों का समुचित संधारण भी नहीं किया गया था। उक्त कमियों के कारण संबंधित दोनों फर्मों को 15 दिवस के भीतर सुधार करने के निर्देश देते हुए नोटिस जारी किया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय-सीमा में सुधारात्मक निर्देशों का पालन नहीं किए जाने की स्थिति में संबंधित ढाबों का लाइसेंस निलंबित करने अथवा नियमानुसार प्रकरण तैयार कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा यह भी बताया गया कि आम नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिले में इस प्रकार की जांच कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# सड़क एक्सीडेंट में दो की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम भोरिंग से जोबा मार्ग पर तेज रफ्तार दो बाइकों के बीच भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। तुमगांव थाने में अलग-अलग मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस द्वारा थाना तुमगांव के मर्ग क्र 73/25 धारा 194 बीएनएसएस की जांच की गई, जांच के दौरान गवाहों के कथन, घटनास्थल के निरीक्षण के आधार पर पाया गया कि मृतक लखन लाल पिता झलक राम साहू (39 साल) मोरधा थाना सिटी कोतवाली जिला महासमुंद 21 दिसंबर को अपने मोटर सायकल सीजी 06 जीएच 2797 से अपने परिवार को ससुराल भोरिंग में छोड़कर दशगात्र कार्यक्रम में अकेले रानीसागर जा रहा था। ग्राम भोरिंग जोबा रोड के बीच दोपहर करीबन 1 बजे जोबा की ओर से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 04 पीआर 9927 के चालक द्वारा अपनी बाइक को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर सामने से लाकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से लखनलाल साहू के सिर, चेहरे, हाथ, पैर में गंभीर चोट लगा था, जिसे डायल 112 वाहन के माध्यम से सीएचसी तुमगांव लाया गया, जहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मौत हो जाना बताया। जांच के बाद आरोपी वाहन चालक मृतक शिवकुमार जगत के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस, 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस ने इसी घटना को लेकर दूसरे पक्ष के थाना तुमगांव के मर्ग क्र 74/25 धारा 194 बीएनएसएस की जांच की गई। जांच के दौरान गवाहों के कथन, घटनास्थल के निरीक्षण के आधार पर पाया गया कि मृतक शिवकुमार जगत पिता बहुर सिंग (35 साल) संत रविदास गार्डन के पास नयापारा थाना सिटी कोतवाली महासमुंद 21 दिसंबर को मोटर सायकल यामाहा आर 15 क्रमांक सीजी 04 पीआर 9927 से अपने दोस्त सदानंद नेताम के साथ बलौदाबाजार से महासमुंद आ रहा था। ग्राम जोबा भोरिंग रोड के मध्य दोपहर करीबन 1 बजे भोरिंग की ओर जा रहे पैशन प्रो क्रमांक सीजी 06 जीएच 2797 के चालक लखन लाल साहू द्वारा अपनी बाइक को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए सामने से लाकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से मृतक वाहन चालक शिव कुमार जगत के सिर, चेहरे में एवं उसके साथी सदानंद नेताम के सिर, आंख में गंभीर चोट लगी, जिन्हें डायल 112 वाहन के माध्यम से सीएचसी तुमगांव लाया गया।

जहां डॉक्टर ने शिवकुमार जगत को चेक करने पर मृत होना बताया तथा घायल सदानंद नेताम को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल महासमुंद रेफर किया गया। बाद में उचित इलाज हेतु जिला अस्पताल महासमुंद से रेफर करने पर रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में आरोपी वाहन चालक मृतक लखन लाल साहू के विरूद्ध धारा 281, 125(ए), 106(1) बीएनएस, 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# शासकीय जिला ग्रंथालय में साहित्यकार ने भेंट की पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय शासकीय जिला ग्रंथालय मिनी स्टेडियम परिसर में पुस्तक दान महादान अभियान के अंतर्गत जिले के साहित्यकार विवेक कुमार रहटगांवकर द्वारा स्वरचित दो पुस्तक विरासत एवं एक दिन हमरो आही (छत्तीसगढ़ी भावानुवाद) भेंट की। वे स्वयं संस्था में उपस्थित होकर जिला ग्रंथालय प्रभारी एवं ग्रंथपालों के समक्ष अपनी रचनाओं की एक-एक प्रति भेंट की।ज्ञातव्य हो कि शासकीय जिला ग्रंथालय द्वारा पुस्तक दान महादान अभियान की शुरूआत प्रारंभ से ही है। इस अभियान में जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों में अनुपयोगी पुस्तक हो, उन्हें ग्रंथालय को दान कर सकते हैं। साथ ही साथ जिले के समस्त साहित्यकारों से भी अपील की गयी है कि आप अपनी रचनाओं की एक प्रति ग्रंथालय को भेंट करें, जिससे जिले के समस्त साहित्यकारों के कृतियों का संग्रह जिला ग्रंथालय में आसानी से उपलब्ध रहें। शासकीय जिला ग्रंथालय में एक कोना जिले के साहित्यकारों के लिए सुरक्षित रखा गया है। अमूमन यह देखने में आता है कि साहित्यकार के चले जाने के बाद कई बार घरवाले उनकी कृतियों को संरक्षित नही रख पाते और वह साहित्यकार समय के साथ साथ भूला दिया जाता है। ऐसे में जिला ग्रंथालय आगे आकर उनके कृतियों को सहेजने का बीड़ा उठाया है। जिले के समस्त कलमकारों से आग्रह किया है कि समय रहते अपनी कृतियों की एक प्रति शासकीय जिला ग्रंथालय को उपलब्ध करवाकर सहयोग करें।



रहटगांवकर ने अपनी कृतियों का परिचय चंद शब्दों में दिया। उनकी पहली किताब विरासत पूर्वजों से प्राप्त अनुभवों एवं गुणों के आधार पर तैयार की गई है। विरासत का अर्थ हमारे परिवार की तीन पीढ़ियों पिता, पुत्र और पोते की रचनाएं इस किताब में शामिल है। वसंत रहटगांवकर के संघर्षशील जीवन की छाप उनकी रचनाओ में दिखती है। उनकी विरासत अगली पीढी को स्थानांतरित हुई और विवेक रहटगांवकर 2019 से लेखन कार्य शुरू किया। विरासत हस्तांतरण के क्रम में विभास रहटगांवकर को दादा से साहित्य के साथ-साथ ड्राइंग के गुण भी मिले, जिसकी परिणाम स्वरूप विभास आर्किटेक्ट बनकर अपनी रचनाए लिखनी प्रारम्भ की। इसी क्रम में सारंग रहटगांवकर भी दादा से प्रेरित होकर छोटी-छोटी रचनाए करने लगे। सारंग आधुनिक शैली में गीत आदि लिखकर उसे संगीत में पिरोकर गाता है। सारंग के गाने यू-ट्यूब पर भी उपलब्ध है। इसी कड़ी में दूसरी कृति-एक दिन हमरो आही यह कृति जाने माने साहित्यकार गिरीश पंकज की गजल संग्रह एक दिन मंजर बदलेगा, का छत्तीसगढ़ी भावानुवाद है। अपनी इस कृति के बारे में विवेक बताते है कि साहित्य में रूचि होने के कारण मुझे गिरीश पंकज का गजल संग्रह एक दिन मंजर बदलेगा अनायास प्राप्त हुआ, जिसे मैने जिज्ञासावश पढ़ा। सामाजिक मंजर को बदलने के लिए गिरीश ने गजल को माध्यम बनाया। संग्रह को पढते समय मुझे लगा कि उनका प्रयास हिंदी भाषा की गजलों द्वारा किया गया है। मुझे लगा कि छत्तीसगढ़ी बोलने समझने वाले लोगों के लिए मैने इन रचनाओं का छत्तीसगढ़ी में भावानुवाद करने का प्रयास किया, जिसमें कमियां व त्रुटियां स्वभाविक है, फिर भी मैने रचना के सुंदर भावों को छत्तीसगढ़ी के माध्यम से अधिक से अधिक पाठकों तक पहुंचाने का प्रयास किया है। छत्तीसगढी में त्रुटियों के सुधार के लिए वरिष्ठ साहित्यकार बंधु राजेश्वर खरे का विशेष आभार जताया। धमतरी में 01 अगस्त 1962 में जन्मे विवेक रहटगांवकर पेशे से शिक्षक रहे है और अपनी सेवानिवृत्ति के पश्चात साहित्य साधना में सक्रिय है। उनकी रचनाएं नियमित रूप से विभिन्न समाचार पत्रों और सोशल मीडिया में आती रहती है। ज्ञातव्य हो कि पुस्तक दान महादान की शुरूआत में स्व विट्ठल राम साहू के इस दुनिया से जाने के बाद इनके परिवारजनों ने पिता के इच्छानुरूप स्वयं शासकीय जिला ग्रंथालय आकर कृतियों आदि भेंट की। यह क्रम आगे भी बनी रही तो निश्चय ही शासकीय जिला ग्रंथालय में जिले के समस्त साहित्यकारों की कृतियों की एक प्रति उपलब्ध रहेंगी। समय-समय पर ग्रंथालय आकर अपने ईष्ट मित्रों को भी कृतियों को एक साथ दिखाया व पढ़ाया जा सकेगा। स्व. विट्ठल राम साहू की कृतियों की प्रति उनकी धर्म पत्नी प्रेमबाई साहू द्वारा स्वयं ग्रंथालय

## महाविद्यालय के शोध केंद्र में हुई विभागीय बैठक, डॉ चंद्रिका को नियुक्त किया गया निर्देशक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के शोध केंद्र हिंदी में प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के मार्गदर्शन में नए शोधार्थियों के पंजीयन एवं विषय निर्धारण के लिए विभागीय शोध समिति की बैठक आहूत की गई। उल्लेखनीय है कि सितंबर 2025 में डॉ. चंद्रिका चौधरी के शोध निर्देशक बनने के पश्चात जून 2025 में महाविद्यालय के हिंदी विभाग में शोध केंद्र खुला है। इसकी प्रथम बैठक में शोध निर्देशक डॉ. चंद्रिका चौधरी के निर्देशन में दो शोधार्थियों कुसुम नेताम व रेणु सामल खत्री का पंजीयन हो चुका है। बची दो सीटों में शोधार्थियों के पंजीयन एवं विषय चयन के लिए विभागीय शोध समिति की द्वितीय बैठक प्राचार्य डॉ. संध्या भोई की अध्यक्षता, डॉ. सीमा रानी प्रधान की सदस्यता और शोध निर्देशक डॉ. चंद्रिका चौधरी के निर्देशन में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. राजेश दुबे, सेवानिवृत्त प्राचार्य, शहीद राजीव पांडे शासकीय महाविद्यालय भाटागांव (रायपुर) विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में शोधार्थियों के समस्त दस्तावेजों के निरीक्षण के साथ-साथ शोध विषय पर रुचि तथा विषय चयन संबंधित चर्चा की गई। शोध निर्देशक डॉ. चंद्रिका चौधरी के निर्देशन में दो शोधार्थियों कमला नायक (अन्य पिछड़ा वर्ग) नेट, सेट एवं त्रिदेव राज आनंद किशोर (अनुसूचित जाति) यूजीसी नेट केवल पीएचडी के लिए पात्र को लिया गया। कोर्स वर्क परीक्षा उत्तीर्ण कर चुकी शोधार्थी कुसुम नेताम के शोध-सारांश पर विचार-विमर्श कर शीर्षक चयन कर अनुक्रमणिका पर चर्चा की गई। ताकि, शोधार्थी कुसुम विश्वविद्यालय में कुलपति की अध्यक्षता में होने वाली आरडीसी (अनुसंधान एवं विकास समिति) बैठक में अपने विषय की सार्थकता को बेहतर ढंग से व्याख्यायित कर सके। प्राचार्य डॉ. संध्या भोई द्वारा शोधार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की गई। विषय विशेषज्ञ डॉ. राजेश दुबे एवं सदस्य डॉ. सीमा रानी प्रधान ने शोध निर्देशक डॉ. चंद्रिका चौधरी और सभी शोधार्थियों को बेहतर शोध के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शोध प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. राधेश्याम पटेल मौजूद रहे।



### तीन प्रकरणों में 1224 कट्टा अवैध धान एवं ट्रैक्टर जब्त

**महासमुंद।** अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर कार्रवाई करते हुए संयुक्त टीम ने तीन प्रकरणों में 1224 कट्टा धान एवं ट्रैक्टर जब्त किया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार विखं सरायपाली अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुपमा आनंद के नेतृत्व में राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम को ग्राम बलेंडा में ओड़िशा से लाकर अवैध रूप से धान डंप किए जाने की सूचना मिली। मौके पर निरीक्षण और जांच के दौरान परस राम यादव के घर में 160 कट्टा अवैध धान पाया गया। परस राम यादव ने टीम को बताया कि उक्त धान उसका नहीं है, बल्कि गिरजा शंकर का है, जिसे ओड़िशा से लाकर उसके घर में डंप किया गया है। निरीक्षण के समय यह भी पाया गया कि अवैध धान को दो ट्रैक्टरों में लोड किया जा रहा था। टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए 42 कट्टा धान सहित ट्रैक्टर को जब्त कर थाना सिंघोड़ा के सुपुर्द किया गया। वहीं ग्राम जोगनीपाली में निरीक्षण के दौरान 1022 कट्टा अवैध धान पाया गया, जिसे राजस्व एवं मंडी की टीम द्वारा जब्त कर गोदाम को सील किया गया।

# नपाध्यक्ष ने ली सभी प्रभारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

नपाध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वन बघेल ने नपा के सभी विभाग के प्रभारियों की बैठक लेकर अपने-अपने कार्यों के प्रति जागरूक रहने के लिए दिशा-निर्देश दिए। जिसमे सर्वप्रथम राजस्व विभाग पर जोर देने हुए राजस्व प्रभारी को निर्देशित राजस्व विभाग के समस्त कर्मचारी फील्ड में जाकर कार्य करें, ताकि राजस्व की वसूली पूर्णरूप से शत प्रतिशत हो। नगर पालिका अध्यक्ष बघेल ने ग्रीष्मकाल में होने वाली जल समस्याओं के लिए जल प्रभारी को सभी वार्ड में जाकर इसके निराकरण के लिए निर्देशित किया। नगर की सफाई को लेकर व मिशन क्लीन सिटी के तहत हो रही सफाई व्यवस्था को लेकर प्रभारी को कहा गया कि वार्डों में साफ-सफाई सही समय पर होना चाहिए। हर माह की 1 तारीख को मेन रोड से पिथौरा मोड से लेकर झलप-चौक तक सफाई महाअभियान चलाया जाए तथा हर माह 15 तारीख को मुक्तिधाम, तालाब की सफाई कराने के लिए निर्देशित किया।



नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने नगर पालिका सीएमओ से कहा कि ऐसे ठेकेदारों के ऊपर निश्चित तौर पर कार्रवाई करें, जिनके द्वारा सही समय पर कार्य नहीं किया जाता है। इसी प्रकार विभिन्न मुद्दों को लेकर बैठक में चर्चा हुई। बैठक में प्रमुख रूप से नप उपाध्याक्ष देवेश साहू, पार्षद मंता यादव, नगर पालिका अधिकारी गिरीश चंद्र और सभी विभागीय प्रभारी उपस्थित थे।

**साईं जन्मोत्सव व नववर्ष मिलन समारोह में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब**

# छोटा शिरडी धाम कुकरेल बना आस्था का महाकुंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कुकरेल स्थित छोटा शिरडी धाम में 23 दिसंबर को आयोजित साईं जन्मोत्सव, स्थापना दिवस एवं नववर्ष मिलन समारोह ने श्रद्धा, भक्ति और सेवा की अद्भुत मिसाल पेश की। सुबह से ही साईं भक्तों का जनसैलाब मंदिर परिसर में उमड़ पड़ा और पूरा क्षेत्र साईं राम के जयकारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 4 बजे बाबा साईंनाथ की काकड़ आरती से हुई। इसके पश्चात शाही स्नान, विधिवत पूजन-पाठ, जाप-तप और आरती का आयोजन किया गया। सुबह 7 बजे से 10 बजे तक साईं चरित्र पाठ, विष्णु सहस्त्रनाम पाठ एवं सर्व देवताओं के आह्वान के साथ वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु ध्यान, भजन और नामस्मरण में लीन नजर आए। सुबह 11 बजे बाबा साईं की पालकी शोभायात्रा निकाली गई। पालकी यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और ग्राम भ्रमण के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर बाबा का स्वागत किया गया।





दोपहर 12 बजे हवन, पूजन एवं पूर्णाहुति का आयोजन हुआ। इसके बाद 1 बजे विशाल महाभंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर बाद 3 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय कलाकारों और बच्चों ने भजन, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान मनोरंजन एवं सामाजिक गतिविधियों ने आयोजन को और भी आकर्षक बना दिया। इस अवसर पर आयोजन स्थल पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया गया, जिसका लाभ आसपास के ग्रामीणों एवं जरूरतमंदों ने लिया। कार्यक्रम का संचालन श्री साईं सेवा एवं विकास समिति द्वारा किया गया।

**खबर संक्षेप**



## महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष बनीं प्राची

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के प्राची चंद्राकर को राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चंद्र द्विवेदी, छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष रोशन दुबे द्वारा छग प्रदेश महिला महामंत्री मोहिनी शर्मा की अनुशंसा के बाद नियुक्ति दी गई है। ग्राम पंचायत खरोरा के सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर, कृष्ण कुमार चंद्रकर प्रदेश प्रभारी, दुर्गेश्वर प्रसाद शर्मा प्रदेश महामंत्री, देवीचंद राठी, शरद मराठा, धर्मेंद्र ठाकुर आदि ने हर्ष जताया है।



## गणित के मूलभूत क्रियाओं को बताया

**अरंड (पिथौरा)।** मुख्यमंत्री गुणवत्ता अभियान के तहत संकुल केंद्र ठकुरदियाखुर्द के प्रभारी प्राचार्य अक्षय कुमार साहू द्वारा संकुल के विभिन्न प्राइमरी और मिडिल स्कूल में गणित को रुचिकर एवं सरल बनाने के लिए छात्रों को गणित विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। इसके लिए प्राचार्य ने छात्रों को बताया कि किस प्रकार रोजमर्रा हम गणित का प्रयोग करते है। बच्चों को धाराप्रवाह पहाड़ा याद करने के लिए प्रेरित किया गया। गणित की मूलभूत क्रियाओं जोड़ना, घटाना, गुणा और भाग को सरल तरीके से बच्चों को बताया।

### बैठक : कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक, धान खरीदी व एसआईआर की ली जानकारी

# लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक लेकर संचालित कार्यक्रमों एवं की। बैठक में प्रशासन गांव की ओर अभियान, मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, धान खरीदी की प्रगति, अवैध परिवहन नियंत्रण, ई-केवाईसी एवं आवास योजनाओं सहित अन्य विषयों पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभागीय जिलाधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने प्रशासन गांव की ओर अभियान की समीक्षा करते हुए आयोजित शिविर में ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक, आरटीओ एवं आधार कार्ड से संबंधित शिविर लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आसपास के ग्रामीण अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में भाग लें तथा आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इस माह तक सभी स्वीकृत कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाएं। जनपद सीईओ, आरईएस एवं पीडब्ल्यूडी विभाग को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी कर्मचारियों की दैनिक उपस्थिति के लिए आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली अनिवार्य होगी तथा 01 जनवरी से सभी शासकीय पत्रों का आदान प्रदान ई-ऑफिस के माध्यम से कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।




धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला नोडल अधिकारी प्रत्येक सप्ताह भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से करें, विशेषकर शनिवार एवं रविवार को। जिन राइस मिलों का डीओ कट चुका है, वहां से उठाव सुनिश्चित किया जाए। बोगस उठाव पाए जाने पर संबंधित प्रबंधक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही राइस मिल्स का भी पीवी ऐप के माध्यम से सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। धान खरीदी में छोटे एवं सीमांत किसानों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने धान उठाव को लेकर भी निर्देश दिए कि मिलरों एवं परिवहन एजेंसियों के समन्वय से निर्धारित लक्ष्य के अनुसार नियमित एवं सुचारू उठाव सुनिश्चित किया जाए। उठाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने लोडिंग के दौरान पूरी प्रक्रिया का शॉर्ट वीडियो बनाने कहा।

### सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों की ली जानकारी

कलेक्टर ने बैठक में सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों की भी समीक्षा की। अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। यह खेल महोत्सव 24 एवं 25 दिसंबर को महासमुंद स्थित वन विभाग के खेल परिसर में आयोजित होगा। साथ ही सिरपुर महोत्सव 2026 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि इस वर्ष आयोजन 1 से 3 फरवरी तक भव्य रूप में किया जाएगा। महोत्सव में प्रसिद्ध एवं स्थानीय कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। कलेक्टर ने अभी से तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर द्वारा जल संचयन अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक जल संवर्धन कार्य किए जाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि 16,000 स्ट्रक्चर का प्रस्ताव तैयार किया गया है। कलेक्टर ने राशन कार्ड ई-केवाईसी पर समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में अब भी लंबित राशन कार्डों का ई-केवाईसी मिशन मोड में जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि राशन वितरण के दौरान लाभार्थियों को बुलाकर वहीं बायोमेट्रिक सत्यापन किया जाए और मृत व अनुपलब्ध सदस्यों का विलोपन किया जाए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति, निर्माण प्रगति, लंबित प्रकरण, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त के भुगतान तथा जियो-टैगिंग की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही उन्होंने अपार आईडी शिविर लगाने, शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा पीएम जनमन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जन चौपाल, समय-सीमा पत्रक और राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# सावित्रीपुर टीम ने जीती ड्यूज गेंद क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

ग्राम बरडीह में आयोजित 12 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सावित्रीपुर ने जीता। फाइनल मैच गौरटेक के साथ खेला गया। जिसमें सावित्रीपुर ने 77 रन से विशाल जीत दर्ज की। ड्यूज गेंद से खेले गये इस प्रतियोगिता में समापन समारोह के मुख्य अतिथि संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल थे। उन्होंने खिलाड़ियों को शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खेल की आवश्यकता के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि के रुप में फुलझर क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष मनोज नंद, प्रसिद्ध मृदंग बाहक रोहित प्रधान, जनपद सदस्य उद्धव नंद, कृष्णा साहू, पीसीएस कोषाध्यक्ष गिरजा शंकर स्वर्णकार, सदस्य किरोटी स्वाईं, खेल प्रशिक्षक हेमंत बारिक, अंपायर रामकुमार, तुलाराम आदि मौजूद थे। प्रतियोगिता में 132 रन 8 विकेट लेने के लिए अमित मिर्धा को मैन ऑफ द टूर्नामेंट, फाइनल मैच के मैन आफ द मैच गौरीशंकर, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज अमित मिर्धा, गेंदबाज हेमसागर भोई, कीपर लोकनाथ, फील्डर शंभू रहे।




# कसहीबाहरा में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई बाबा गुरु घासीदास की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम कसहीबाहरा में सतनाम धर्म के प्रवर्तक, परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास की 269वीं जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित शोभायात्रा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव रहे, जिन्होंने बाबा गुरु घासीदास के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर एवं जैतखाम की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मुकेश ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास का संदेश मनखे-मनखे एक समान आज भी पूरी मानवता के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि बाबा ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर समाज में व्याप्त ऊंच-नीच और भेदभाव को मिटाने का कार्य किया। उनके विचारों को केवल नारों तक सीमित न रखकर व्यवहार में उतारने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सतनाम पंथ का मार्ग सत्य का मार्ग है और इसी मार्ग पर चलकर एक समरस व सशक्त समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच खेदुराम पटेल ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सतनामी समाज के अध्यक्ष भानूप्रताप नौरंगी, उपसरपंच रेवाराम पटेल, पूर्व सरपंच युगल किशोर यादव, पूर्व सरपंच जयराम पटेल, टिकेश्वर यादव, रघुनंदन पटेल, ऋषि पटेल, केशव बंजारे, दुलार दास बंजारे, दया दास बंजारे, धर्मलाल बंजारे, ओमप्रकाश बंजारे, प्रेमचंद कोसले, नरेंद्र नौरंगी, गौतम बंजारे, डेरा नौरंगे सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।





# स्वान यूथ क्लब का गौ सेवा अभियान

**महासमुंद।** स्वान यूथ क्लब महासमुंद द्वारा गौ सेवा के प्रति जनजागरुकता बढ़ाने और पशु संरक्षण के लिए समर्पित एक विशेष गौ सेवा अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लोहिया चौक से हुआ, जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए ग्राम मचेवा तक हुआ। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह के साथ गौ सेवा कार्यों में भाग लिया एवं समाज में करुणा, सेवा और संरक्षण का संदेश दिया। स्वान यूथ क्लब के अध्यक्ष निलेश तिवारी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में क्लब के प्रमुख पदाधिकारी उपाध्यक्ष अनुशील अग्रवाल, कोषाध्यक्ष हिमांशु साहू, सचिव एवं मीडिया प्रभारी ग्रंथ चोपड़ा तथा सह सचिव साहिल शर्मा उपस्थित रहे। क्लब के सदस्य लक्ष्य यादव, गुलशन चंद्राकर, भविष्य चंद्राकर, आनंद साहू, लकी, डेविड, नागेंद्र और सुधीर यादव, सोहन साहू ने भी अपनी सेवाएं एवं सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। अध्यक्ष निलेश ने बताया कि स्वान यूथ क्लब लगातार सामाजिक कार्यों और पशु सेवा जैसे अभियानों के माध्यम से लोगों में सद्भाव और जागरूकता फैलाने के लिए तत्पर है। उन्होंने सभी सदस्यों के समर्पण और प्रयत्नों की प्रशंसा करते हुए आगे भी समाजसेवा के कार्य जारी रखने का संकल्प दोहराया। इस पहल की स्थानीय नागरिकों एवं गौ-सेवा समितियों ने सराहना की और स्वान यूथ क्लब को समाज सेवा का प्रेरणास्त्रोत बताया।

# धान खरीदी केंद्रों पर किसानों की मेहनत पर डाका: मानिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा सरकार किसानों के साथ खुलेआम धोखा कर रही है। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मानिक साहू ने बसना ब्लॉक के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। किसानों ने खुद शिकायत की कि किसान मिलर्स की खरीदी लिमिट बेहद कम रखी गई है, जिससे उनकी सालभर की मेहनत बर्बाद हो रही है। केंद्रों पर धान बेचने की दैनिक सीमा इतनी कम है कि ज्यादातर किसान टोकन तक नहीं पा रहे और मजबूरन कम दाम पर व्यापारियों को धान बेचने को विवश हैं। निरीक्षण के दौरान बसना, छांदनपुर और गड़फुलझर खरीदी केंद्रों पर किसानों ने खुलासा किया कि तौलाई में बड़े पैमाने पर धांधली हो रही है। प्रति बोरी 41 किलो 200 ग्राम तक अधिक तौलकर किसानों का धान लूटा जा रहा है। यह सीधी किसानों की जेब पर डाका है। भाजपा सरकार के इशारे पर चल रहे ये केंद्र किसानों की उपज को कम वजन दिखाकर लाखों रुपये का नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस निरीक्षण में किसान कांग्रेस प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश मुकर्जी, प्रदेश सचिव देवेंद्र पटेल, विनोद चौहान, नवदीप चंद्राकर, पुष्पसागर, पिंकू चौहान, भागीरथी दास सहित कई किसान नेता और खरीदी केंद्रों में मौजूद किसान उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों की कड़ी निंदा की। किसान कांग्रेस अध्यक्ष मानिक साहू ने कहा, भाजपा ने चुनाव में 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आते ही किसानों को ठगने का खेल शुरू कर दिया। कम लिमिट, धांधली भरी तौलाई और अव्यवस्था से किसान परेशान हैं। अगर सरकार ने तुरंत सुधार नहीं किया तो किसान कांग्रेस सड़कों पर उतरेगी और बड़ा आंदोलन करेगी। प्रदेशभर में धान खरीदी में इसी तरह की शिकायतें आ रही हैं, टोकन नहीं मिलना, बफर लिमिट ओवर होने से खरीदी रुकना और तौल में घपला। भाजपा सरकार किसानों के साथ विश्वासघात कर रही है। कांग्रेस हमेशा किसानों के साथ खड़ी है और उनकी हर लड़ाई लड़ेगी।



# सुशासन सप्ताह के तहत तुसदा में लगा शिविर

**महासमुंद।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी सोच के अनुरूप सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत, अध्यक्षता नैन पटेल जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि मंडावी सीईओ जनपद पंचायत बागबाहरा, दिव्या उपेंद्र दीवान रहे। कार्यक्रम का प्रथम चरण में शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुसदा में लगा। जहां आम जनमानस की समस्याओं के एक ही मंच पर त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों की समस्याओं जैसे पक्की सड़क, कृषि, पशुपालन, मछली पालन, उन्नत खेती, आवास, रोजगार एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं पर संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समाधान किया गया। कार्यक्रम में भुवन लाल साहू भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री, भूषण नामदेव सहित भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## निखिलकांत ने किया नवीन स्वीप मशीन का शुभारंभ

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पार्षदों की उपस्थिति में नेहरू चौक में नवीन स्वीप मशीन की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। यह मशीन साफ सफाई के लिए उपयोग में लाई जाएगी। जिससे मुख्य मार्ग सहित अन्य मार्गों की बेहतर ढंग से सफाई होगी व कार्य में गति भी आएगी। नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। कम समय में सड़कों की सफाई से नागरिकों व राहगीरों को धूल से निजात मिल पाएगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, धनेंद्र चंद्राकर पार्षद, नीरज चंद्राकर पार्षद, प्रीति बादल मक्कड़ पार्षद, दिलीप चंद्राकर प्रभारी राजस्व, वाहन प्रभारी सुरेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

# पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

ग्राम गड़बेडा के खेल मैदान में स्व दुष्यंत साहू की स्मृति में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मुकेश यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि लोकनाथ नायक ने की। मुख्य अतिथि यादव ने विधिवत पूजन कर एवं प्रतीकात्मक बैटिंग कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।

उद्घाटन मैच के दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त की। मुख्य अतिथि मुकेश ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल हार-जीत का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की सशक्त पाठशाला है। ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओं को मंच देने में ऐसे आयोजन मील का पत्थर साबित होते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जामपाली के पूर्व सरपंच जगत देवदास, उपसरपंच मोहित यादव एवं लालाराम नाग उपस्थित रहे। वहीं पंचों में विमला धृतलहरे, दुर्गा ध्रुव, योगेश साहू, मेहतर प्रजापति, सोमनाथ पटेल सहित गोपी यादव, कौसर रोहिल्ला, राहुल अजमानी, सुदर्शन, रमेश प्रधान, जगदीश प्रधान एवं रामदास मानिकपुरी की उपस्थिति रही।



### विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित, खेल सामग्री भी वितरित

# भोरिंग में विकासखंड स्तरीय खेल स्पर्धा, युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में 21 दिसंबर को विकासखंड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत भोरिंग में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कर किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत पुरुष वर्ग में कबड्डी, दौड़ एवं गोला फेंक तथा महिला वर्ग में रस्साकशी, दौड़ एवं गोला फेंक जैसी विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। विकासखंड के विभिन्न ग्रामों एवं यूथ क्लबों से आए युवाओं ने उत्साह एवं खेल भावना के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लीला साहू (सरपंच, ग्राम पंचायत भोरिंग), जनकु साहू सरपंच प्रतिनिधि भोरिंग, डॉ. सुनील भोई, शिक्षक परमानंद साहू, मुक्षय साहू (हमर पुरखा संस्था) वेदप्रकाश, सतीश कुमार तथा मेरा युवा भारत से अशोक चक्रधारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग कबड्डी में प्रथम महासमुंद, द्वितीय छपोराडीह, तृतीय जय मां चंडी बिरकोनी, 200 मीटर दौड़ में प्रथम अक्षय विशाल (भोरिंग), द्वितीय प्रकाश खैरवार (कुहरी), तृतीय पूनम साहू (अछोला), गोला फेंक में प्रथम आशीष सोनवानी (भोरिंग), द्वितीय बोधराम (भोरिंग), तृतीय सूर्यकांत साहू(भोरिंग), महिला वर्ग रस्साकशी में प्रथम बेलसोंडा, द्वितीय भोरिंग, तृतीय बिरकोनी युवा मंडल, 100 मीटर दौड़ में प्रथम प्रांजली साहू, द्वितीय ममता धीवर (भोरिंग), तृतीय प्रियंका साहू, गोला फेंक में प्रथम विजेता जोशी (भोरिंग), द्वितीय मेघना चंद्राकर, तृतीय डिगेश्वरी साहू रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

साथ ही यूथ क्लबों की टीमों को खेल सामग्री भी वितरित की गई। प्रतियोगिता में रेफरी के रूप में डॉ. सुनील भोई, डोलेश होता, रामेश्वरी दीवान, सेवन साहू, अभिषेक पाल धीवर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रासेयो स्वयं सेवक दिनेश कुमार साहू, भूपेश कुमार, पवन साहू, राहुल साहू, गौतम साहू, जुगेश्वर साहू, विष्णुराम पाईक एवं उमेश सेन का विशेष सहयोग रहा।

## बाबा ने समानता और भाईचारे का मार्ग दिखाया: तुषार

**महासमुंद।** ग्राम भोरिंग में आयोजित गुरु घासीदास जयंती में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। कार्यक्रम में समाज के प्रतिनिधियों द्वारा चंदन, फूल माला पहनकर स्वागत किया। इस अवसर पर ग्रामीणों के बीच पहुंचकर बाबा गुरु घासीदास को श्रद्धापूर्वक नमन किया और उनके आदर्शों को स्मरण किया। समारोह को संबोधित करते हुए तुषार साहू ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का अमर संदेश देकर पूरी मानवजाति को सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का मार्ग दिखाया। उनका विचार आज भी समाज को जोड़ने और भेदभाव रहित व्यवस्था की प्रेरणा देता है। प्रमुख रूप से जेपी कुरील, डॉ उदय राम साहू, डॉ तुलसीराम साहू, आजू राम साहू, गिरधर, पोखन ढीढी, सतीश, पराग, अत्यधिक संख्या में सामाजिक पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

